# ओ खाटूवाले सांवरिया | by Ginny Kaur

दिल की बातें दिल ही जाने या तू बाबा जाने
देख के चेहरा दर्द दिलों का एक तू ही पहचाने
तेरे होते कब तक ठोकर दर दर की मैं खाऊं
हाल ए दिल सब तुझको पता है मैं क्या क्या तुझे समझाऊं
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया

भीड़ भरी इस दुनिया में मैंने खुद को तन्हा पाया
अच्छे वक़्त के साथी सभी हैं दौर ये ऐसा आया
दौर ये ऐसा आया .........
बिन मतलब के एक तू ही दिल से रिश्तो को निभाए
आवाज़ जो भगत लगाए तू दौड़ा दौड़ा आये
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया

मैं तो अपना सब कुछ बाब तुमको ही बस मानू
तू है मेरा मैं हूँ तेरा मैं तो इतना जानू
मैं तो इतना जानू.......
अब इस दुनिया की बाबा परवाह नहीं है मुझको
मैंने जबसे अपना मालिक अब मान लिया है तुझको
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया

जीवन की इस दुश्वारी में दिल ये चैन न पाए
तेरे हाथ में डोर है मेरी लाज ना जाने पाए
लाज ना जाने पाए .........
गिन्नी को तेरा भरोसा दूजा ना कोई सहारा
कुंदन ये कहता हक़ से ये श्याम है हमारा
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया
ओ खाटूवाले सांवरिया है तू तो मेरा मन बसिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-ginny-kaur/